DAINIK JAGRAN (JAGRAN CITY), NOIDA, 9.12.2017
Page No. 1, Size:(16.63)cms X (13.68)cms.

राहत | जनवरी से नोएडा सहित उत्तर प्रदेश सभ पोस्ट आफिस में शुरू होगी सुविधा

अब डाकघर में बनेगा आधार कार्ड

जागरण विशेष

कुंदन तिवारी ● नोएडा

कदम-कदम पर आधार कार्ड की अनिवार्यता होने पर इसको बनाए जाने के रास्ते को सरल करने की दिशा में काम शुरू हो गया है। ऐसे में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों को आधार पंजीयन के लिए परेशान न होना पड़े। इसलिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने भारतीय डाक विभाग को साथ में लेकर चलने की योजना तैयार की है। इसके तहत जनवरी से नोएडा सहित पूरे उत्तर प्रदेश के डाकघरों में आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके तहत नोएडा, गाजियाबाद, हापुड़ में डाक अधीक्षक, क्लर्क सहित अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का काम शुरू कर दिया गया है।

प्रधान डाकघर पोस्ट मास्टर सुरेंदर सिंह ने बताया कि दूरदराज के क्षेत्र में डाक नेटवर्क बेहतर है। खासतौर पर गांवों में, इसे ध्यान में रखते हुए यह कवायद शुरू की गई है। सेवा का लाभ हर किसी को मिल सके, इसके लिए तैयारियों को मूर्त रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। आधार पंजीयन से लेकर अपडेट होने वाले कार्यों का प्रशिक्षण डाक कर्मचारियों को दिया जा रहा है। जल्द ही सेक्टर-19 स्थित प्रधान डाकघर में आधार कार्ड अपडेट सेंटर के रूप में एक विशेष काउंटर शुरू कर दिया जाएगा। यहां लोगों को सिर्फ आधार नामांकन की सुविधा मिलेगी।

उन्होंने जनवरी से आधार अपडेट सेंटर सेवा की शुरुआत होनी है। डाकघर से आधार कार्ड बनेंगे। सेवा निःशुल्क होने की संभावना है। सिंगल हैंड डाकघर में यह सुविधा नहीं मिल सकेगी। हमारे कर्मियों को आधार कार्ड जारी करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब तक पांच कर्मचारियों का टेस्ट हो चुका है। पास होने के बाद प्रशिक्षण के लिए मेरठ बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि डाक विभाग के अधिकांश कर्मियों को आधार कार्ड जारी करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कर्मी विभाग के कार्यों को करने के साथ ही आधार कार्ड जारी करने का भी काम करेंगे। विभिन्न सरकारी सेवाओं के लिए आधार कार्ड जरूरी हो गया है। ऐसे में डाकघरों में इन्हें बनवाने की सुविधा देने से आम आदमी को निश्चित रूप से मदद मिलेगी।

सेक्टर-19 स्थित प्रधान डाकघर। जागरण

गौतमबुद्ध नगर के आधार अपडेट सेंटर की स्थिति

- सेक्टर-19 स्थित प्रधान डाकघर,
- सेक्टर-37
- सेक्टर-34,
- ग्रेटर नोएडा नॉलेज पार्क,
- दादरी

जिन लोगों का आधार कार्ड नहीं बना ह। वह जनवरी से अपने नजदीकी डाकघर में जाकर आधार कार्ड बनवा सकते हैं। नोएडा, गाजियाबाद, हापुड़ में अभी 36 आधार अपडेट सेंटर को खोला जा रहा है। वैसे यह सुविधा पूरे प्रदेश के डाकघरों में शुरू होने जा रही है।

प्रियंका मिश्रा, एसएसपीओ, डाक विभाग गाजियाबाद